हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

10 भागवत कथा सुनने से कई जन्मों के पापों का होता ...



11 कटगी में विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का ..





## खबर संक्षेप

### सामुदायिक भवन में अहाता निर्माण के लिए भूमि पूजन



**पलारी** । ग्राम पंचायत घिरघोल मे सासंद निधि से स्वीकृत सामुदायिक भवन मे अहाता निर्माण व मंगल भवन निर्माण 5 लाख का भूमि पूजन गत दिवस किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच विष्णु वैष्णव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों के हाथों से किया गया । इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ सुकालू राम यदु, मोहन साहू, दिलीप साहू, रामसाजीवन साहू, गुलाब सिंह साहू, हेमकुमार साहू, भूषण वर्मा, रामनाथ साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि लीलाधर साहू, शत्रुहन साहू, देव नाथ साहू, यशवंत साहू, राजकुमार नवरंगे, जयचंद टंडन, बिंदु बंजारे, सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे ।

### महुआ शराब बरामद दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद**। ग्राम पदरडीह में महुआ शराब बिक्री कर रहे दो लोगों के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में आरोपी भुनेश्वर कोंद पिता बालकराम कोंद (33 साल) पदरडीह व टीकाराम कुर्रे पिता गोटीलाल कुर्रे (22 साल) सावित्रीपुर के कब्जे से कुल 30 लीटर महुआ शराब कीमत 6000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बड़े भाई ने की मारपीट

**महासमुंद**। बारात जाने की बात पर मारपीट के मामले में कोमाखान थाने में एक व्यक्ति के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। प्रार्थी छबिलाल पटेल ने पुलिस को बताया कि उसके बड़े भाई हीरालाल पटेल पिता अगनूराम पटेल के द्वारा उसके साथ 20 फरवरी की दोपहर को बारात जाने के संबंध में गाली गलौच एवं मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### 25 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद**। ग्राम मेमराडीह में एक व्यक्ति के कब्जे से पिथौरा पुलिस ने देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि हरियाली ढाबा के पास आरोपी टेकराम साहू पिता स्व घनश्याम साहू (58 वर्ष) मेमराडीह के कब्जे से 25 पौवा प्लेन देशी शराब कीमत 2000 रूपये को बरामद किया गया। मामले धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**संत समागम** : गुरू दर्शन व पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली व समृद्धि का लिया आशीर्वाद

# बाबा गुरू घासीदास के बताए मार्ग पर काम कर रही सरकारः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को बाबा गुरु घासीदास जी की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में आयोजित संत समागम एवं गुरु दर्शन मेला में शामिल हुए । उन्होंने पूज्य गुरु गद्दी का दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि के लिये कामना की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास के मनखे- मनखे एक समान के सन्देश मानव को मानव से जोड़ने वाला और सद्भाव व समरसता बढ़ाने वाला है। बाबा गुरु घासीदास जी के बातए मार्ग पर हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमरी सरकार के द्वारा गिरौदपुरी के विकास के लिये सतत तत्पर है। विशाल जैतखाम निर्माण से लेकर अनेक सुविधाओं का विस्तार यहां किया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किये गए जन सुविधा विस्तार की सराहना करते हुए कहा कि वेबसाइट और मोबाइल एप्प से भी मेले में उपलब्ध सुविधा की जानकारी श्रद्धालु ले सकते हैं। उन्होंने इस दौरान वहां चस्पा किये गए क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन कर जानकारी ली।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर धर्मगुरू गुरु बालदास साहेब, गुरू सोमेश बाबा, गुरू सौरभ साहेब, जांजगीर-चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, राजिम विधायक रोहित साहु, जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर नवीन अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, पूर्व सांसद गुहा राम अजगले, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि वरिष्ठ अधिकारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



**गिरौदपुरी में संत समागम एवं गुरु दर्शन मेले में शामिल हुए सीएम साय**

### मेला आयोजन के लिए हुईं व्यापक तैयारियां


ज्ञातव्य है कि गिरौदपुरी में तीन दिवसीय संत समागम एवं गुरू दर्शन मेला 22 फ़रवरी से प्रारंभ होकर 24 फ़रवरी 2026 तक चलेगा। इस मेले में प्रदेश सहित देश एवं विदेश से भी सतनाम पंथ के अनुयायी शामिल होते हैं।जिला प्रशासन द्वारा सुव्यवस्थित मेला आयोजन हेतु व्यापक तैयारी की गई है दाल भात केन्द्र संचालन हेतु 220 समूहों का चयन किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था हेतु 1150 पुलिस बल, 60 सीसीटीवी कैमरा, 9 हेल्थ कैम्प, 10 एम्बुलेंस,250 अस्थाई टेप नल कनेक्शन, 48 पानी टैंकर, 550 सफाई कर्मचारी, 100 अस्थाई एवं 80 स्थाई शौचालय, 16 चलित शौचालय, 55 स्नानागार, 18 विद्युत ट्रांसफार्मर, 10 जनरेटर, 8 अग्निशमन वाहन, 2 क्रेन की भी व्यवस्था की गई है।



### मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को किया प्रसाद वितरण

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर मुख्य मंदिर का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया। मुख्यमंत्री के हाथों स्थानीय श्रद्धालु एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं प्रसाद ग्रहण कर उत्साहित हुए।

## कलेक्टर ने किया सीएम का स्वागत



**बलौदाबाजार**। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय रविवार को बाबा गुरू घासीदास जी के जन्मभूमि व तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में आयोजित संत समागम व गुरु दर्शन में शामिल होने पहुंचे। मुख्यमंत्री का जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय का कलेक्टर दीपक सोनी ने हेलीपेड पर अगवानी की और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इसके साथ ही धर्म गुरु बालदास साहेब, राजिम विधायक रोहित साहु, पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने भी गुलदस्ता देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किये। इस अवसर पर पूर्व सांसद गुहा राम अजगले, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के महाअधिवेशन में शामिल हुए साय



**बलौदाबाजार** । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को ग्राम चांपा में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 80 वें दो दिवसीय महाअधिवेशन में शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी डॉ.खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा समाज की विभूतियां और महान व्यक्तित्वों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का जयमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्राम नरदहा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये तथा बलौदा बाजार में सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने समाज को परिश्रमी, उन्नत कृषक एवं संगठित बताते हुए राज्य के विकास में उनके योगदान की सराहना की और 80वें महाअधिवेशन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री के गृह ग्राम चांपा में यह आयोजन हो रहा है, मुझे भी ▶▶ शेष पेज 11 पर



- 0दो सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 75 लाख रुपये देने की घोषणा

### दो वर्षों में हुआ प्रदेश का उल्लेखनीय विकासः राजस्व मंत्री

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में दो वर्षों में उल्लेखनीय विकास हुआ है। किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गई हैं। विकास में कोई कमी नहीं है। आज हर वर्ग खुशहाल है। राज्य समृद्धि की ओर अग्रसर है। अधिवेशन में केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम वर्मा ने समाज द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज ने मृत्युभोज एवं कलेवा प्रथा को पूर्णतः बंद करने, विधवा विवाह को पुनः लागू करने, समारोहों में डीजे पर प्रतिबंध तथा प्री-वेडिंग कार्यक्रमों को समाप्त करने जैसे सामाजिक सुधार के निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि समाज छत्रपति शिवाजी महाराज, सरदार वल्लभ भाई पटेल,डॉ. खूबचंद बघेल के आदर्शों पर चलकर सामाजिक समरसता और प्रगतिशील सोच को आगे बढ़ा रहा है।

# किसान मोर्चा ने किया राहुल का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- युवा कांग्रेस के प्रदर्शन के विरोध में भाजपा किसान मोर्चा का उग्र प्रदर्शन

एआई समिट भारत मंडपम नई दिल्ली में युवा कांग्रेस द्वारा शर्ट उतारकर नंगा प्रदर्शन किया विरोध में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा बलौदा बाजार जिला अध्यक्ष द्वारिका वर्मा के नेतृत्व में उग्र प्रदर्शन तथा राहुल गांधी का पुतला दहन किया एवं नारेबाजी हुई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां लोकतांत्रिक पारंपरिक एवं सार्वजनिक मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि भविष्य में ऐसी घटनाएं की रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाया जाए और राहुल गांधी को देश से माफी माँगनी चाहिए। उक्त प्रदर्शन में उपस्थित विजय केशरवानी, मणिकांत मिश्रा, पुरुषोत्तम साहू ,बालकरण सिंह ठाकुर, रोहित वर्मा, राहुल सोनी, रितेश श्रीवास्तव, वासु ठाकुर ,वेदांत रजक, लोकनाथ जायसवाल, पुरोहित वर्मा, राहुल अग्रवाल, दुर्गेश साहू, देव सिंह वर्मा, तुकाराम साहू, तेजराम ध्रुव, दुलार वर्मा, जहर सिंह ध्रुव, केजराम ध्रुव, मोहना वर्मा, शिव यदु, कोमल साहू, हेमंत साहू, जितेन वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।





# गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर कैप्सूल ट्रक से कुचलकर 12 वर्षीय बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

- जर्जर सड़क ने ली मासूम की जान
- शबरी सेतु पर लगा घंटों लगा रहा जाम

गिधौरी से शिवरीनारायण मार्ग की जर्जर एवं जानलेवा सडक गड्ढे में तब्दील हो गया है भारी वाहनों की तेज रफ्तार आवाजाही से जहां आये दिन दुर्घटना हो रहा है।और रविवार को तकरीबन 1 बजे गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग कू काली मंदिर के पास दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें 12 वर्षीय मासूम की कैप्सूल ट्रक से कुचलकर मौत हो गया।इस हादसा से क्षेत्र में शोक और आक्रोश हो गया है।

बता दे की गिधौरी - शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर एक बार फिर खून लाल हो गया। जर्जर और गड्ढों से भरी सडक और भारी वाहनों की अनियंत्रित तथा तेज रफ्तार कैप्सूल ट्रक क्र. सी जी 22 एक्स 1164...से 12 वर्षीय बालक विवेक कुमार दिनकर पिता जीवन कुमार दिनकर ग्राम डोंगाकरौद थाना पामगढ़ निवासी की दबकर मौत हो गया । विवेक दिनकर अपने मोहन दिनकर के साथ ग्राम डोंगाकोहरौद से गिरौदपुरी मेला जा रहा था । उसी दौरान हादसा हो गया और मृतक बालक के दादा मोहन दिनकर घायल हो गये थे जहां इलाज चल रहा है इधर घटना के बाद गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर दोनो तरफ एवं महानदी शबरी सेतु पुल वाहनों की लम्बी जाम लग गया और आवागमन घंटों तक बाधित रहा । घटना की जानकारी शिवरीनारायण ▶▶ शेष पेज 11 पर



### सड़क की बदहाली बनी मौत का कारण

सड़क की बदहाली और लापरवाही ने उसके सपनों को हमेशा के लिए थाम दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क की हालत लंबे समय से अत्यंत खराब है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ा हुआ डामर और धूलभरी सतह दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाह संचालन ने हालात को और भी खतरनाक बना दिया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।यह घटना केवल एक परिवार का निजी दुख नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है। एक मासूम की मौत ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि समय रहते सड़क की मरम्मत, यातायात नियंत्रण और निगरानी की ठोस व्यवस्था की जाती, तो शायद आज विवेक हमारे बीच होता।

# पीएससी प्रारंभिक परीक्षा में जिले के 1709 अभ्यर्थी हुए शामिल, 440 अनुपस्थित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सर्विसेज प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 22 फ़रवरी 2026 किया गया । इस परीक्षा में जिले से 1709 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 440 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी अरुण कुमार सोनकर ने बताया कि परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 7 केंद्र बनाए गए थे जिसमें डी के कॉलेज बलौदाबाजार, मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार, एमडीव्ही स्कूल बलौदाबाजार, पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल बलौदाबाजार, शासकीय महाविद्यालय ▶▶ शेष पेज 11 पर

**विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं की अगुवाई में आतिशबाजी, पुष्प वर्षा और भव्य सम्मान**

# कोलिहा में विहिप ने किया विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं आरंग विधायक, साथ ही सतनामी समाज के धर्मगुरु गुरु खुशवंत साहेब के नेतृत्व में निकाली जा रही विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का ग्राम कोलिहा में विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया गया।

स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने किया। उनके साथ बजरंग दल जिला सहसंयोजक विजय साहू, विहिप प्रखंड अध्यक्ष दुलेश साहू, प्रखंड संयोजक विनय धीवर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रायपुर से प्रारंभ होकर ग्रामीण अंचलों से गुजरती हुई यह सद्भावना यात्रा पवित्र गिरौदपुरी धाम की ओर अग्रसर है। ग्राम कोलिहा पहुंचने पर विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, पुष्प वर्षा और "जय जय सतनाम", "जय श्रीराम" के गगनभेदी नारों के साथ पदयात्रा का अभिनंदन किया। पदयात्रा के चतुर्थ दिवस की शुरुआत पलारी स्थित सतनाम भवन से हुई। पलारी, अमेरा, कंजी और डोटोपार, लाहौद सहित विभिन्न ग्रामों में विहिप कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर पदयात्रियों का अभिनंदन किया। ढोल-नगाड़ों, पंथी नृत्य और जयघोष के बीच यह यात्रा सामाजिक एकता का प्रतीक बनती जा रही है।

इसके अतिरिक्त ग्राम संडी में बजरंग दल जिला सहसंयोजक दीपक साहू के नेतृत्व में तथा घोटिया में विहिप जिला उपाध्यक्ष बिसौहाराम वर्मा के नेतृत्व में भी पदयात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में विहिप, बजरंग दल एवं समाज जन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला सेवा प्रमुख लक्ष्मेंद्र अग्रवाल, जिला धर्म प्रसार ▶▶ शेष पेज 11 पर





### आध्यात्मिक जागरण के लिए है यात्राः खुशवंत साहेब

कार्यकर्ताओं ने गुरु खुशवंत साहेब को रामनामी अंगवस्त्र पहनाकर तथा प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा कि "मनखे-मनखे एक समान" की भावना को जन-जन तक पहुंचाने में यह पदयात्रा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और विहिप सदैव ऐसे सामाजिक और धार्मिक अभियानों के साथ खड़ा रहेगा। अपने उद्बोधन में गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि यह यात्रा किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि समाज में समरसता, भाईचारे और आध्यात्मिक जागरण के लिए निकाली गई है। उन्होंने गुरु घासीदास बाबा के संदेश "मनखे-मनखे एक समान" को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप



### झलप में श्याम फागुन महोत्सव कल

**झलप।** स्थानीय मिडिल स्कूल ग्राउंड में 24 फरवरी को श्याम परिवार झलप द्वारा श्याम फागुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह संगीतमय एवं भक्तिमय कार्यक्रम शाम 7:15 बजे से प्रारंभ होगा। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हो रहे इस महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक परविंदर पलक (फतेहाबाद), विनय अग्रवाल (रायपुर), खगेश डडसेना (सरायपाली) तथा निर्मल म्यूजिकल ग्रुप दुर्ग अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगे। भजनों की मधुर स्वर लहरियां देर रात तक गूंजेंगी। श्रद्धालुओं के लिए रात्रि 10 बजे श्याम की रसोई (प्रसादी) की विशेष व्यवस्था भी की गई है।

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने सांसद को ज्ञापन देकर जिला चिकित्सालय नेत्र विभाग में शराब पीकर महिला सुरक्षा गार्ड व लैब कर्मचारियों के साथ रात्रि मे शराब के नशे में धुत्त अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौज करने के कारण सहायक नोडल अधिकारी को उनके मूलपदस्थपना स्थान पर वापस भेजने की मांग की।

## निधन

### रेवाराम पटेल



**महासमुंद।** कुची, हरिनभट्ठा निवासी रेवाराम पटेल पिता स्व. बुधराम पटेल का 22 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम यात्रा 23 फरवरी को वर्तमान निवास स्थान सुभाष नगर वार्ड नं 22 से सुबह 10 बजे मुक्तिधाम भलेसर रोड के लिए निकलेगी। वे दीपक पटेल, शिक्षिका हेमलता मलिकर, किरण पटेल के पिता एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद, जिला अध्यक्ष व पूर्व प्रदेश संयोजक मरार समाज पवन पटेल के ससुर थे।

### बलौदाबाजार में जारी हैं दुर्लभ सत्संग समारोह, भगवान से संबंध जोड़ने से ही व्यक्ति का होता है उद्धार

# भगवान की तरफ बढ़ोगे तभी सधेगा संसार भी सधेगाः स्वामी विजयानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार नगर के राधाकृष्ण गौसेवा संस्थान (गौशाला) षष्ठी मंदिर के पीछे सिविल लाईन में आयोजित दुर्लभ सत्संग समारोह के दौरान प्रवचनकर्ता स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ऋषिकेश वाले ने कहा कि संसार की तरफ बढोगे तो भगवान नहीं मिलेगा और भगवान की तरफ बढोगे तो संसार भी सधेगा। आपके मिलन की चाह पैदा हो जाये और मिलन की वेदना फूटने लगे तो भगवान कहा दूर है वे सर्वत्र है। इन्होने आशा, विश्वास एवं भरोसा का उदाहरण देते हुए कहा कि एक भरोसो, एक बल, एक आस विश्वास, एक राम, घनश्याम हित चातक तुलसीदास के रूप में हैं।

दुर्लभ सत्संग समारोह के दौरान प्रवचनकर्ता स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ने कहा कि जिंदगी से चला गया उसकी चर्चा न करें क्योंकि वह वापस नही आयेगा। अतः आने वाले समय के लिए चर्चा करें। सोने में जो सुख मिलता हैं वह तामसी हैं। वही सात्वीक सुख में लोग फंसे पडे है। अतः अपने में भगवान को लीन कर दीजिए जिससे सुख शांति प्राप्ति होगी। भक्तों की जीवन में भगवान की छवी समाहित हो जाती है। इन्होने यह भी कहा कि संसार एक दुखालय है जहां सुख नहीं मिलती इसलिए संसार की सत्ता महत्ता को छोड दीजिए तभी व्यक्ति का उद्धार होगा। उन्होने एक उदाहरण देते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन में संतोष नहीं है तो शांति नहीं मिलेगी वहीं शांति तो सत्संग एवं भगवत चर्चा में मिलती है। सांसारिक जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि हम नकली घर में रहते हैं असली घर तो भगवान के पास हैं। क्योंकि जहां जाकर वापस आना नही होता है वहीं हमारा घर है और अंततः अचानक जाना पडेगा। किसी व्यक्ति को संतो के जीवन का प्रकाश पड जाये तो उन्हे किसी तीर्थ में जाने की जरूरत नही है। समय रहते भगवान भजन करना चाहिए क्योंकि जैसे ही उम्र बढती जायेगी वैसे ही लोग असक्त होने लगता हैं एवं घर परिवार की चिंताऐं बढ़ने लगती है।

इन्होने मीरा बाई का उदाहरण देते हुए यह भी कहा कि भगवान से संबंध जोड़ने से ही व्यक्ति का उद्धार होता है। पाप ओर पुण्य को लेकर इन्होने कहा कि अगर बराबर के पाप से बराबर पुण्य कमाने की क्रिया से व्यक्ति का उद्धार नहीं होता। सांसारिक संयोजग है तो उसका वियोग हो जायेगा क्योकि वियोग की प्रबल है। भगवान अद्वितीय है इसलिए इच्छा भी अद्वितीय होना चाहिए। मातृ शक्ति का उदाहरण देते हुए इन्होने कहा कि हमेशा मातृ शक्ति का सम्मान हुआ है और सम्मान होना भी चाहिए। भगवान को व संसार को चाहना ही कपट है। इन्होने यह भी कहा कि आशा, विश्वास और भरोसा से ही भगवान मिलता है। संसार विश्वास का पात्र नही है बल्कि सेवा का पात्र हैं। भगवान के सम्मुख होने के लिए सत्संग का होना आवश्यक है।



#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राजेश्री महंत श्याम सुन्दरदास, सुरेन्द्र शर्मा, श्याम शुक्ला, सुशील तिवारी, डा. रामचंद पटेल, रामकुमार पटेल, डा. राधेश्याम पटेल, आयोजन समिति के टेसूलाल धुरधंर, जागेश्वर पटेल, नागेश्वर पटेल, दीपक पटेल, रामाधार पटेल, दुलार पटेल, बरतराम पटेल, पुनीत राम वर्मा, धनंजय साहू, रेवाराम साहू, डॉ. दिनेश वर्मा, मोहन वर्मा, शत्रुहन लाल यादव, छत्तर सिंह ध्रुव, नरेश सिरमोर सहित काफी संख्या में महिला पुरूष श्रोतागण उपस्थित थे।

## भागवत कथा सुनने से कई जन्मों के पापों का होता है क्षयः पं. सुरेश



**खरोरा।** ग्राम गौरखेड़ा में साहू परिवार की ओर से आयोजित हो रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन रविवार को कथावाचक पंडित पंडित सुरेश कुमार शर्मा ने कथा प्रसंग में वामन, जन्मोत्सव, राम जन्म और कृष्ण अवतार की कथा सविस्तार बताया तो भक्त भावविभोर हो उठे। कथाव्यास ने पंडित सुरेश कुमार शर्मा व्यास पीठ से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ-साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। प्रसंग में उन्होंने आगे बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अहंकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह भी बताया कि यह धन संपदा क्षणभंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। उन्होंने कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोह ग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते है तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि देवताओं को डर सताने लगा कि राजा इन्द्र की गददी पर आसीन नहीं हो जाए। इस पर देवताओं ने भगवान विष्णु के पास जाकर याचिका लगाई। भगवान विष्णु ने वामन अवतार का वेश धरा और राजा बलि के पास पहुंचकर तीन पैर की जमीन मांग ली। राजा बलि ने यह वचन दे दिया और भगवान ने विशालकाय रुप लेकर तीनों पैरों में ही संसार को नाप लिया। वामन अवतार प्रसंग में भागवताचार्य ने आगे बताया कि वामन विष्णु के 5वें तथा त्रेता युग के पहले अवतार थे। इसके साथ ही यह विष्णु के पहले ऐसे अवतार थे, जो मानव शरीर में बौने ब्राह्मण के रूप में प्रकट हुए। वामन ऋषि कश्यप तथा अदिति के पुत्र थे। वह आदित्यों में 12वें थे। ऐसी मान्यता है कि वह इंद्र के छोटे भाई थे।

#### मधुर भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कथा के दौरान वामन अवतार की आकर्षक झांकी भी सजाई गई थी। वहीं तेरे द्वार खड़ा भगवान भगत भर दे रे झोली जैसे अनेक मधुर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा के कथावाचक पंडित सुरेश कुमार शर्मा कठिया वालें ने बताया कि 18फरवरी से 26फरवरी तक आयोजित हो रहे भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण पहुंच रहे है। कथा का समय दोपहर 1बजे से शाम 6 बजे तक है। यह भागवत कथा का आयोजन समस्त साहू परिवार द्वारा आयोजित है।

## कथा विश्राम दिवस पर गीता पाठ, तुलसी वर्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बेमचा स्थित गुलाब बाड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर आठवें दिन भगवताचार्य दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन दास ने दत्तात्रेय अवधूत उपाख्यान, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष के साथ भागवत के सार तत्वों का श्रवण श्रोताओं को कराया।

उन्होंने परीक्षित को शुकदेव जी महाराज द्वारा सुनाई गई कथा का वर्णन करते हुए कहा कि काम को जीत पाना अत्यंत कठिन है। काम के वश में आकर मनुष्य वह सब कर जाता है, जो उसे नहीं करना चाहिए। उन्होंने सत्संग के माध्यम से मनोदशा को स्थिर कर काम भावना को वश में करने की प्रक्रिया बताई। उन्होंने भगवान कृष्ण व सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने सुदामा के प्रेम पूर्वक लाए गए 2 मुट्ठी चावल के बदले उन्हें 2 लोगों का सारा वैभव प्रदान कर दिया। सुदामा जब द्वारिकापुरी पहुंचे तो संकोच वश वह भगवान से मिलने से कतरा रहे थे। लेकिन, भगवान ने स्वयं सुदामा के पास आकर उसका सत्कार किया। भगवान कृष्ण व सुदामा की मित्रता आज के परिदृश्य में यह संदेश देता है कि मित्रता में ऊँच-नीच, छोटा-बड़ा, धनवान-निर्धन का भेद नहीं होता। मित्रता प्रेम व विश्वास की नींव पर खड़ी एक पवित्र संबंध है। गीता पाठ, तुलसी वर्षा, अनुष्ठान के साथ श्रीमद् कथा का विश्राम हुआ।



### जोरातराई में तीन दिवसीय श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में पहुंचे तुषार

**महासमुंद।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोरातराई में आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। साहू ने कहा कि रामायण मुख्य रूप से सात कांडों (बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किंधाकांड, सुंदरकांड, युद्धकांड और उत्तरकांड) में विभाजित है। महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि कहा जाता है। वे पहले एक साधारण शिकारी थे जिनका नाम रत्नाकर था। जब वे देवर्षि नारद के संपर्क में आए, तो आत्मज्ञान प्राप्त कर लिया और गहन तपस्या की। उनके अंदर परिवर्तन इतना गहरा था कि वे वाल्मीकि (वल्मीक = दीमक का टीला) कहलाए, क्योंकि वे ध्यानस्थ स्थिति में इतने समय तक बैठे रहे कि उनके चारों ओर दीमकों का टीला बन गया। वाल्मीकि ने रामायण की रचना उस समय की जब राम स्वयं पृथ्वी पर थे। रामायण को आदिकाव्य कहा जाता है और यह संस्कृत में रचित है। इसमें लगभग 24, 000 श्लोक हैं। साथ में प्रमुख रूप से सरपंच चंपा रुपधर पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनमानी पटेल कागजी, सेवा राम, कर्मा सेना झलप मण्डल अध्यक्ष योगेश आदि उपस्थित रहे।



## भूतपूर्व सैनिक एवं नाचा गम्मत लोक कलाकार मोतीराम को समता साहित्य कला रत्न अवार्ड से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वावधान में राम जानकी सामुदायिक भवन कुशालपुर रायपुर छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण 2026 भव्य समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के जिला महासमुंद कोषाध्यक्ष व भूले बिसरे नाचा गम्मत मोंगरापाली के संस्थापक मोतीराम पटेल को छत्तीसगढ़ के लोकविधा नाचा गम्मत के माध्यम से सामाजिक जन-जागरुकता लाने एवं समाज सेवा कार्य के लिए समता साहित्य कला रत्न अवार्ड से मुख्य अतिथि डा. डीएस तांडेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष समता साहित्य अकादमी, भारत एवं विशिष्ट अतिथि शशांक शर्मा छग साहित्य विभाग कैबिनेट मंत्री समतुल्य व प्रांताध्यक्ष डा. सुरेश ठाकुर अकादमी छग के हाथों में मोंमेटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



## केवि में पठन प्रोत्साहन सप्ताह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य संजय कंसल के नेतृत्व में पीएमश्री योजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत पठन प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन किया गया। सत्र 2025-26 में 3 सप्ताह में इस गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम सप्ताह जुलाई, दूसरा सप्ताह अक्टूबर तथा तीसरा सप्ताह जनवरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक वंदिनी जौहरी द्वारा प्रत्येक सप्ताह की अलग अलग योजना बनाई गई। जिसके अनुरूप प्राथमिक विभाग की शिक्षिका सोनिया द्वारा कक्षा 1 से 5 तक समस्त प्राथमिक विभाग के शिक्षकों के सहयोग से संचालित किया गया तथा कक्षा 6 से 8 में अंग्रेजी एवं हिंदी के भाषा शिक्षकों के सहयोग से पुस्तकालयाध्यक्ष वंदिनी जौहरी द्वारा सुनियोजित तरीके से आयोजन किया गया। इस योजना में कक्षा 1 से 8 तक 700 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन 21 फरवरी 2026 को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कर किया गया। विद्यालय के होनहार 304 बच्चों ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किए। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए प्रमाण पत्र के साथ पुस्तकें उपहार में दी गई। प्राचार्य ने बच्चों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्रदर्शन करने के लिए अधिक से अधिक पुस्तके पढ़ने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में दशरथ यादव, भुनेश्वरी यादव, हिमाद्री चौहान, अभिषेक साहू, आर्यन, सोनिया, भूमिका, वीणा यादव, नीलमाधव सिंह, संस्कृति चंद्राकर, प्रवीण कुमार आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में एसके सिंह, रोहिता, कांता एक्का, जेके चंद्राकर तथा टीआर चंद्राकर मौजूद रहे।



## विधायक कार्यालय में 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण, भाजपा नेता रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 131वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बूथ क्रमांक 215 बीटीआई शक्ति केंद्र विधायक कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, वरिष्ठ नेता रमेश साहू, मधु यादव, शरद मराठा, गोपी कन्नौजे सहित अन्य उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरुआत में देश को तीन मंत्र दिए। उन्होंने टेक्नोलॉजी, ऑर्गन डोनेशन और साइबर क्राइम पर बात की। उन्होंने एआई समिट को लेकर कहा कि समिट में उन्होंने दुनिया के लीडर्स को बहुत सी चीजें दिखाई।

एआई की मदद से प्राचीन ग्रंथों को, पांडुलिपि को संरक्षित कर रहे हैं। एग्जीविशन के दौरान सुश्रुत संहिता का डिस्प्ले किया गया। इसे पढ़ने लायक टेक्स्ट में बदला गया। भारतीय और विदेशी भाषाओं में इसे बदला जा सकता है। साथ ही कहा कि एआई समिट में भारत की ताकत दुनिया के सामने आई। युवाओं में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को लेकर उत्साह बढ़ रहा है। टी20 वर्ल्ड कप के संदर्भ में कहा कि कई देशों में भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। उन्होंने बताया कि कनाडा टीम के कप्तान का जन्म गुरदासपुर में हुआ था। ये कनाडा के साथ-साथ भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं।

अमेरिका टीम के कप्तान मोनांक पटेल गुजरात अंडर 16-18 के लिए भी खेल चुके हैं। ओमान, इटली, यूएई की भी टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। आगे कहा कि देश में ऑर्गन डोनेशन की जरूरत है। उन्होंने केरल में हुए 10 महीने की बच्ची आलीन की मौत के लिए कहा कि उसके माता-पिता जिस पीड़ा से गुजर रहे होंगे उसे शब्दों में नहीं बताया जा सकता। माता-पिता ने आलीन के अंग दान का फैसला लिया। आलीन का नाम सबसे कम उम्र की ऑर्गन डोनेशन की लिस्ट में जुड़ गया है।



## कस्तूरबा गांधी की पुण्यतिथि पर स्वच्छता कार्यक्रम, बेलसोंडा हुआ प्लास्टिक मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं हमर भुइयां पर्यावरण संरक्षक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कस्तूरबा पुण्यतिथि पर तीसरे चरण का स्वच्छता कार्यक्रम ग्राम बेलसोंडा में किया गया। नूरेन चंद्राकर ने बताया कि अभियान सुबह 7 बजे प्रारंभ हुआ।

सबसे पहले हॉस्टल परिसर एवं आसपास साफ सफाई की गई। बाद ग्राम पंचायत भवन परिसर, हाइवे के आसपास, बंधुआ तालाब, हाला बंद तालाब एवं गांव के चौक चौराहों एवं गांव के कूड़ादान को साफ किया गया आईएमए की वरिष्ठ चिकित्सक आदित्य हॉस्पिटल की डायरेक्टर एवं कस्तूरबा गांधी ट्रस्ट की प्रभारी डॉक्टर ज्योति कालीकोटी भी इस वृहद महाभियान का विगत 3 पखवाड़े से नेतृत्व कर रही हैं।

कार्यक्रम में कस्तूरबा ट्रस्ट के प्रभारी डॉ. ज्योति कालीकोटी, आयोजक संस्था हमर भुइयां छत्तीसगढ़ से नूरेन चंद्राकर, प्रायोजक संस्था इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) से डॉ. अरविंद गुप्ता, जनप्रतिनिधि भूतपूर्व जनपद सदस्य वाणी तिवारी, कुणाल चंद्राकर, ग्राम सरपंच प्रीति त्रिभुवन धीवर, पंचगण सहित आस्था सामाजिक संस्था से तुषार चंद्राकर, स्वान यूथ क्लब से ग्रंथ चोपड़ा, लक्ष्य यादव, हिमांशु साहू, राहुल साहू, बॉस्केटबाल संघ के चेयरपर्सन पंकज सोनी, आदित्य हॉस्पिटल स्टाफ द्वारिका साहू, सतीश औसर, यशवंत साहू, रमेश सिंह, यशोदा, प्रमिला मानिकपुरी, इंद्राणी साहू एवं गांव के बच्चे शामिल रहे।



## सेवा सदन संचालन के साल भर हुए पूरे, समाजसेवियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वरिष्ठजन (वृद्धजनों) की सेवा में समर्पित संस्था के एक साल पूरे होने पर संस्था द्वारा समाजसेवियों एवं सहयोगियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शहर के इमली भाठा में माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन (पंजीकृत संस्था) द्वारा संचालित वरिष्ठजन सेवा सदन में यह समारोह गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ।

समाजसेवियों ने यहां वरिष्ठजनों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया और बेहतर व्यवस्था के लिए संस्था के समर्पण पर आभार जताया। साथ ही आगामी दिनों में भी सहयोग बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर रायपुर, समोदा, आरंग, हतबंध, बलौदाबाजार, कसडोल, बागबाहरा, खल्लारी सहित स्थानीय लोगों की काफी संख्या में उपस्थिति रही। संस्था के संचालक मंडल ने समाजसेवियों और सहयोगियों का तिलक वंदन पश्चात सम्मानी भेंट की। आभार प्रदर्शन संस्था अध्यक्ष उषा साहू ने किया।

इस अवसर पर वंदना औसर, सुषमा वर्मा, जयश्री सोनी, ठाकुर आंटी, रघुवीर सिंह चावला, नितिन श्रीवास्तव, बिन्नी शर्मा, सविता निषाद, अषवंत तुषार साहू, मानिक साहू, नंदू साहू, नरेंद्र कुमार साहू, डॉ. जितेंद्र साहू, प्रणित कुमार गुप्ता, सनत कुमार गुप्ता, राजू पाल, मनीषा पाल, जीवन दास मानिकपुरी, सिमर सिंह चावला, प्रफुल परमार को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया।

संस्था में निःस्वार्थ भाव के कार्य कर रहे सहयोगियों को भी उनकी मेहनत, लगन और निरंतरता के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें केयर टेकर सोहद्रा यादव, रसोइया रीना औसर, सहकर्मी कांति निर्मलकर एवं सहयोगी वेदराम यादव को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप

### कवि लोकनाथ को नेपाल से मिली मातृभाषा रत्न मानद उपाधि

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के सुप्रसिद्ध कवि एवं शिक्षक लोकनाथ ताण्डेय मधुर को नेपाल की राजधानी काठमांडू में मातृभाषा रत्न अंतर्राष्ट्रीय मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर



प्रदान किया गया। यह गरिमामयी सम्मान नेपाल की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा प्रदान किया गया। समारोह का उद्देश्य नेपाल-भारत मैत्री विकास, देवनागरी लिपि के संरक्षण एवं संवर्धन, हिंदी-नेपाली जैसी मैत्री भाषाओं के वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ देश-विदेश के कवि, लेखक, साहित्यकार एवं शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर नेपाल, भारत सहित पाँच देशों की लगभग एक हजार साहित्यिक एवं शैक्षिक प्रतिभाओं को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि तथा मातृभाषा गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इसी क्रम में लोकनाथ ताण्डेय को उनके उल्लेखनीय साहित्यिक, शैक्षिक एवं सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर सम्मानित किया गया। लोकनाथ ताण्डेय सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के भण्डोरा ग्राम के निवासी हैं।

### भाई ने बहन के साथ की मारपीट

**महासमुंद।** बहन के साथ मारपीट कर आपत्तिजनक हरकत करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने माता-पिता व प्रार्थिया की शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थिया ने बताया कि 20 अक्टूबर 2024 की रात 11.45 बजे उसका भाई घर आया और मां-बाप के साथ गाली गलौच कर कमरे के दरवाजे को धक्का देकर अंदर आकर मारपीट करते हुए गलत नीयत से अंगों को छूने लगा। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने इसी तरह की हरकत 21 दिसंबर को भी की थी। जिस पर रात को वाहन 112 को सूचना दिया, इसके बाद आरोपी को थाना ले जाया गया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 74, 296, 115(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सुना गया 'मन की बात' का 131वां प्रसारण

**पिथौरा (ग्रामीण)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 131वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण रविवार को ग्राम लाखागढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### ग्राम बरहेली का कल वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम बरहेली में बहुप्रतीक्षित वार्षिक मेला 24 से प्रारंभ होने जा रहा है। मेले को लेकर ग्राम पंचायत बरहेली के सरपंच, उपसरपंच, वार्डपंच एवं समस्त ग्रामीण पूरी तत्परता के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस वर्ष मेला खास इसलिए भी रहेगा क्योंकि पहली बार इसका आयोजन ग्राम पंचायत की निगरानी में संपन्न कराया जाएगा। मेले में आने वाले दुकानदारों के लिए ग्राम पंचायत द्वारा बिजली कनेक्शन की विशेष व्यवस्था की जा रही है और साथ ही पेयजल सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी ताकि व्यापारियों और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति का सम्मेलन और सम्मान समारोह

# आंदोलन और एकजुटता के महत्व पर जोर, पेंड्रावन को जीवन आधार बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति का एक दिवसीय सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम बंगोली, जिला रायपुर में आयोजित हुआ। सम्मेलन में जलाशय से लाभान्वित 14 ग्रामों से समिति के सदस्य व पदाधिकारी शामिल हुए।

सम्मेलन में सर्व प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉक्टर खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन मे उन संघर्षशील महिलाओं का सम्मान किया गया जिन्होंने ग्राम दोंदेखुर्द में शासन द्वारा खोली जा रही नवीन शराब दुकान को व्यापक आंदोलन के करके बंद करवाया। समिति द्वारा ग्राम दोंदेखुर्द, मटिया, लालपुर, छपोरा, दोंदेकला गाँव के ग्रामीणों का संघर्षवीर के नाम पर सम्मान किया गया।

### ग्राम बंगोली में किसानों और संघर्षशील महिलाओं को किया गया सम्मानित



#### ये रहे शामिल

सम्मेलन में हेमन्त ठाकुर, नरोत्तम शर्मा, वीर नारायण, छत्रपाल वर्मा, खेमलाल नायक, राजकुमार भोजवानी, भगत बंजारे, कमल भारती, अश्वनी वर्मा, दौलत वर्मा, धनेश वर्मा, महेंद्र कश्यप, सूर्य प्रताप बंजारे, डॉक्टर मढ़रिया, दीपा साहू, उतरा वर्मा, राहुल भोजवानी उधोराम राम वर्मा, ललित बघेल, आलोक शुक्ला, अनिल नायक, उत्तरा कमल भारती आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। यह जानकारी घनश्याम वर्मा सचिव पेंड्रावन बचाओ किसान संघर्ष समिति ने दी।

#### इस क्षेत्र का जीवन आधार है पेंड्रावनः शुक्ला

समिति के संरक्षक आलोक शुक्ला ने कहा कि पेंड्रावन इस क्षेत्र का जीवन आधार है, खनन में इसका विनाश भारी जल संकट और पर्यावरण विनाश लायेगा। उन्होंने कार्यक्रम को आंदोलनों का संगम बताते हुए व्यापक एकजुटता की अपील की। संरक्षक ललित बघेल ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार जनता के लिए चुनी जाती है लेकिन वह कार्य पूंजीपतियों के लिए करती है इसलिए जनता आंदोलन के लिए मजबूर है। पूर्व अध्यक्ष उत्तरा कमल भारती ने कहा शासन गांव गांव में अवैध शराब बिकवा रही है। पूरी युवा पीढ़ी को नशे में धकेल दिया गया है हमे इसके खिलाफ़ भी समाज में अभियान चलाना चाहिए। जनपद सदस्य भगत बंजारे ने महिलाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज में महिला शक्ति तय कर ले तो हर बदलाव संभव है। कार्यक्रम का समापन करते हुए समिति के सचिव घनश्याम वर्मा ने पेंड्रावन समिति के आंदोलन को याद करते हुए कहा कि ऐसे आंदोलन समाज में जागरूकता पैदा करते हैं।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष अनिल नायक ने कहा कि ये संघर्ष कभी ख़त्म नहीं होता बस स्वरूप बदलते हैं। समाज की भलाई के लिए हमेशा एकजुट रहना आवश्यक है। समिति के संरक्षक उधोराम वर्मा ने कहा कि पेंड्रावन को बचाने के लिए किसानों ने स्वस्फूर्त दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आंदोलन किया। दोंदे खुर्द की शराब दुकान के खिलाफ महिलाओं ने पूरी ताकत से आंदोलन किया है। यह सम्मान उस संघर्ष के सामने कुछ भी नहीं है।

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल का पलारी में हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री, एआईआईसीसी के महामंत्री जननेता भूपेश बघेल का पलारी में कांग्रेस के नेताओं कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी करते हुए आत्मीय स्वागत किया। भूपेश बघेल छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल होने बलौदाबाजार के ग्राम चांपा जा रहे थे। उनके साथ राज्यसभा की पूर्व सांसद छाया वर्मा भी साथ में रहीं।

कसडोल विधायक संदीप साहू व वरिष्ठ नेताओं ने भूपेश बघेल को स्वागत के बाद पलारी के विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं से मिलने का आग्रह किया जिसे बघेल ने सहर्ष स्वीकारा और उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से बारी-बारी मुलाकात किए। इस अवसर पर विधायक संदीप साहू सहित कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, ब्लॉक अध्यक्ष रवि बंजारे, नगर पंचायत अध्यक्ष पलारी गोपी साहू, रोहाँसी नगर पंचायत अध्यक्ष नन्देश्वर साहू की उपस्थिति रही।

#### ये रहे उपस्थित

स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी सुकालू राम यदु, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, नगर पंचायत पलारी के उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, रोहाँसी के उपाध्यक्ष पीतांबर साहू, सनत वर्मा, हर्ष वर्मा, नेमू नारायण कुर्रे, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ईश्वरी बांधे, मेघनाथ यादव, विक्रम गिरी, विक्रम पटेल, आर्यन शुक्ला, सुभाष राव मनोज प्रजापति, निलेश बंजारे, हर्षू वर्मा, ओकिस यादव, ललित घृतलहरे, मेघनाथ यादव, लेखु वर्मा, नारायण धीवर, पुनीत निषाद, घनश्याम धीरहे, अंकित जोशी, साधराम साहू, तोषण साहू, ईश्वर साहू, हेमंत वर्मा, रिंकू साहू, सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाटापारा में 24 से होगा इको टूरिज्म पर त्रिदिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भारत सरकार की रैम्प योजना अंतर्गत सेक्टर स्पेसिफिक त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम इको टूरिज्म सेक्टर में 24 से 26 फरवरी 2026 तक को भाटापारा में आयोजित किया जाएगा।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन रायपुर अंतर्गत नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर माइक्रो, स्माल एंड मिडियम इंटरप्राइजेज हैदराबाद द्वारा गायत्री शक्तिपीठ, गायत्री मंदिर, बस स्टैंड के पास, भाटापारा में किया जाएगा

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में इको टूरिज्म के इमर्जिंग ट्रेंड्स, होम स्टे, फार्म स्टे, विभिन्न प्रकार के पर्यटन मॉडलों के संगठन एवं संचालन के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ इंडस्ट्रियल पालिसी 2024-30 के अंतर्गत पर्यटन क्षेत्र में उपलब्ध नीतिगत प्रावधानों एवं प्रोत्साहनों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है। प्रशिक्षण पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा तथा इच्छुक प्रतिभागियों का निःशुल्क उद्यम पंजीयन भी किया जाएगा। पर्यटन क्षेत्र से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से जुड़े उद्यमी, महिला उद्यमी, युवा साथी एवं इच्छुक प्रतिभागी इसमें भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

- रैम्प योजना के तहत नि:शुल्क कार्यक्रम, प्रतिभागियों को मिलेगा प्रमाण पत्र

## सिरपुर में हुआ कन्नौजे धोबी समाज का द्विवसीय वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

छत्तीसगढ़ कन्नौजे धोबी समाज दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम सिरपुर में समाज के लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में विधायक योगेश्वर राजू सिंहा के मुख्य आतिथ्य केंद्रीय अध्यक्ष झड़ीराम कनौजे की अध्यक्षता एवं सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक केंद्रीय संरक्षक एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कन्नौजे रजककार विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे संगठन मंत्री जगदीश कन्नौजे राज्यपाल से पुरस्कृत सहायक संचालक प्रमोद कन्नौजे प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश रजक जनपद सभापति अश्वनी रजक की विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन रजककार विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कनौजे ने किया।

दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त अतिथियों के द्वारा संत गाडगे महाराज एवं लक्ष्मी नारायण भगवान की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर की गई। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने कहा कि धोबी समाज एक अत्यंत मेहनतकश सेवाभावी और प्राचीन समुदाय है जो कपड़ों की धुलाई रंगाई और प्रेस के माध्यम से समाज को स्वच्छ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। धोबी समाज हर समाज को पवित्र करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संत गाडगे बाबा के स्वच्छता सेवा और सामाजिक सुधार के संदेशों को स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से आगे बढ़ा रहे हैं। संत गाडगे के जीवन से प्रेरित होकर पीएम मोदी ने देश में स्वच्छता का राष्ट्रीय आंदोलन चलाया है। भवन के लिए 5 लाख और सेप्टिक टैंक के लिए 2 लाख देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी ने समाज की एकता संगठनात्मक मजबूती सामाजिक कुरीतियो के उन्मूलन शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की बात कही। उन्होंने समाज की मांग पर 10 लाख देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक ने समाज को एकजूट होकर संगठित रहकर आगे बढ़ने की बात कही और समाज जनों को रायपुर में 23 फरवरी को संत गाडगे जन्मोत्सव और मड़ई मेला कार्यक्रम में एकता के साथ बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। अतिथियों को समाज द्वारा स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल भेंट किया गया।

### विधायक हुए शामिल, समाज के लिए हुई आर्थिक घोषणाएं



#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव भुवन लाल कनौजे, सहसचिव राजाराम कन्नौजे, कोषाध्यक्ष बृजलाल कनौजे, रायपुर राजप्रधान गोवर्धन कनौजे, लवन राजप्रधान चेतन कन्नौजे, सिरपुर राज प्रधान रोहित कन्नौजे, खलारी राजप्रधान तुलसराम कनौजे, बैसाखूराम कनौजे, हेमंत कन्नौजे, अरुण कन्नौजे, मोतीलाल कनौजे, सुमंत कन्नौजे, किरण कनौजे, नारायण कनौजे, ढेलूराम कन्नौजे, फूलसिंग कन्नौजे, एवं महिलाओं में बेला बाई कन्नौजे, कामिन बाई, शांति बाई, रामप्यारी, कला बाई कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

## गिरौदपुरी धाम मेला दर्शनार्थियों को परसादी सेवा दल परिक्षेत्र लवन ने की भोजन व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा

प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी गिरौदपुरी धाम मेला दर्शनार्थियों के लिए परसादी सेवा दल परिक्षेत्र लवन द्वारा लवन और डोंगरीडीह के बीच में निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई है। तीन दिवसीय चलने वाले विश्व प्रसिद्ध गिरौदपुरी धाम मेले में एक,दो नहीं बल्कि सैकड़ों जगह से मेले में पहुंचने वाले दर्शनार्थियों के लिए सामाजिक संस्था के द्वारा निःशुल्क भोजन भंडारे का आयोजन किया गया है। बहुत से श्रद्धालु अपने गांव से सैकड़ों किलोमीटर पैदल, मोटर सायकल एवं अन्य साधनों से छोटे छोटे बच्चों एवं परिवार के साथ यात्रा कर बाबा गुरु घासीदास के तपोभूमि दर्शन पाने गिरौदपुरी धाम मेला पहुंचते हैं। बलौदाबाजार जिले से 55 किलोमीटर दूर महानदी और जोक नदी के संगम में स्थित है। गिरौदपुरी धाम छत्तीसगढ़ के सबसे सम्मानित तीर्थ स्थलों में से एक है। यहां श्रद्धालु वर्ष में 365 दिन होते हैं, जहां प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में बाबा के दर्शन पाने पहुंचते हैं। इस मेले में किसी प्रकार के मनोरंजन के साधन स्थापित नहीं किये जाते। यहां मेले में जगह पंथी नृत्य का आयोजन किया जाता है। इस मेले के श्रद्धालुओं के लिए परसादी सेवा दल परिक्षेत्र लवन द्वारा निःशुल्क भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई है।

#### इनका रहा विशेष सहयोग

जिसमें आयोजक गण चन्द्रप्रकाश बंजारे, महेश कुर्रे, मुकेश कुर्रे, भागचंद मधुकर, सनम रात्रे, मनमोहन आडिल, तोरण बंजारे, किशोर बंजारे, संजय कोसले, येशुदास निराला, बालक दास रात्रे, ईश्वर प्रसाद बन्दे, हेमंत घृतलहरे, योगेश निराला, सेवाराम डहरिया, सोमेश्वर लहरें, भूपेंद्र टंडन, मुंगेश्वर बंदे, रूपचंद मनहरे, अमित बघेल, राजा डहरिया, महादेव कोसले, मोहन डहरिया, धर्मेंद्र खूंटे, कृष्ण कुमार डहरिया, गंगेश्री कुर्रे, कुमुद कुमार कुर्रे, मनेश बंजारे, सोनू कुर्रे राजेश घृतलहरे आदि के विशेष सहयोग से निःशुल्क भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई है।

## चन्द्र ग्रहण के साये में मनेगा रंगों का पर्व होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

इस वर्ष रंगों का पर्व होली विशेष खगोलीय घटना के साथ मनाया जा रहा है। फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर जहां एक ओर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन और रंगोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं, वहीं दूसरी ओर इसी दिन चन्द्र ग्रहण का संयोग बनने से लोगों में जिज्ञासा भी बढ़ गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मंदिरों एवं मोहल्लों में होलिका दहन की व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।



अगले दिन धुलेंडी पर रंग-गुलाल के साथ आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। खगोलविद पं धनंजय शर्मा अनुसार 3 मार्च पूर्णिमा के दिन ग्रहण का सूतक प्रातः 9 :06 को लगेगा, ग्रहण स्पर्श सायं 6 :07 को होगा व सायं 6:47 को ग्रहण मोक्ष हो जायेगा। इस कारण होली 2 मार्च को रात 12:30 से 2 बजे के मध्य जलाई जाएगी और 4 मार्च को होली खेली जाएगी। ग्रहण के दौरान सूतक काल का पालन करने वाले श्रद्धालु मंदिरों के कपाट बंद रखेंगे तथा ग्रहण समाप्ति के बाद स्नान-दान कर पूजा करेंगे। पंडित ज़ी ने ग्रहण काल में मंत्र जाप एवं ध्यान को शुभ बताया है। प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की है कि होली शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। स्वास्थ्य विभाग ने रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंगों के उपयोग की सलाह दी है। इस प्रकार इस वर्ष होली का पर्व धार्मिक आस्था और खगोलीय घटना के अद्भुत संगम के रूप में मनाया जाएगा।

- फाल्गुन पूर्णिमा पर खगोलीय संयोग से बढ़ी श्रद्धालुओं की जिज्ञासा
- 2 मार्च की रात होगा होलिका दहन, 4 मार्च को खेली

## कटगी में विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगी

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के नेतृत्व में आयोजित विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा के पंचम दिवस 22 फरवरी को ग्राम पंचायत कटगी में पदयात्रियों का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।ग्राम कटगी पहुंचने पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का ग्राम की सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा की कर्मठ महिला कार्यकर्ता खिलेश्वरी थवाईत द्वारा फूल मालाओं से स्वागत कर तिलक लगाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं महिला-पुरुष उपस्थित होकर सतनाम संदेश के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। माननीय मंत्री जी ने ग्रामवासियों के प्रेम एवं सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पदयात्रा समाज में भाईचारा, समरसता एवं सतनाम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ग्राम कटगी में स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कटगी मंडल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल, एम. एल. वर्मा जिला प्रतिनिधि, छतराम साहू अध्यक्ष नगर पंचायत टुंडरा, दुर्गेश साहू मंडल अध्यक्ष टुंडरा, साधराम प्रजापति मंडल महामंत्री टुंडरा, व्यास श्रीवास ज पं सभापति, गोपाल थवाईत, किशोर थवाईत, संतोष थवाईत एवं अन्य गणमान्य नागरिकों व भाजपा कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने पुष्पमालाओं एवं सतनाम के जयघोष के साथ पदयात्रा का भव्य स्वागत किया।

## पेज 9 के शेष

### मनवा कुर्मी क्षत्रिय

यहां आने का अवसर मिला , जो सौभाग्य की बात है। महाअधिवेशन समाज में मेल-मिलाप, समन्वय और सकारात्मक निर्णयों का माध्यम है, जिससे न केवल समाज बल्कि प्रदेश और देश को भी लाभ मिलता है। अधिवेशन में राजिम विधायक रोहित साहू, बलौदाबाजार राजप्रधान सुनीता वर्मा, महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य राहुल टिकरिहा सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय जन और युवा उपस्थित थे।

### गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग ...

पुलिस मिलते ही मौके पर पहुंचे और मासूम बालक की शव को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया ।क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांगें शिवरीनारायण–गिधौरी मार्ग की तत्काल उच्च गुणवत्ता के साथ मरम्मत एवं पुनर्निर्माण भारी वाहनों की गति सीमा निर्धारित कर सख्त कार्रवाई। यातायात निगरानी और पुलिस पेट्रोलिंग जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए क्षेत्र में इस घटना को लेकर गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है।

### कोलिहा में विहिप...

प्रमुख विनय गुप्ता, जिला बलोपासना प्रमुख रवि यादव, नगर मंत्री आयुष बरनवाल, केशव मिश्रा, सुखालू बंदे, कमलेश वर्मा, नरेंद्र साहू, निलेश कुमार वर्मा, पीतांबर वर्मा, खुलेचंद वर्मा, खुशी राम वर्मा, पुष्पराज वर्मा, अमित कुमार वर्मा, सूरीत कुमार वर्मा, प्रीतम वर्मा, अतुल वर्मा, ओम सिंह नायक, नंदू वर्मा, मुन्ना वर्मा, बिंदेश्री वर्मा, मनोज पांडेय सहित बड़ी संख्या में विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पीएससी प्रारंभिक परीक्षा...

लवन, पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल लवन एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अर्जुनी शामिल रहे। परीक्षा हेतु कुल 2149 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुईं।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
20 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
शतक संघ के 100 वर्ष
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# अमेरा की गीतांजलि ने जीता अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन स्पर्धा में गोल्ड मेडल

## स्वर्ण पदक जीतकर जिले और प्रदेश का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम अमेरा की प्रतिभाशाली बेटी गीतांजली रॉय ने अंतरराष्ट्रीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ व जिले तथा सतनामी समाज का नाम रोशन किया है। उनके स्वदेश लौटने पर रायपुर से लेकर गृह ग्राम अमेरा तक भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी विक्रम राय ने किया जिनके मार्गदर्शन में समर्थकों और ग्रामीणों ने जगह-जगह फूल-मालाओं, आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ गीतांजली का अभिनंदन किया। रायपुर से निकलते ही काफिले के रूप में सैकड़ों वाहन उनके साथ चलते हुए अमेरा पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से आरती उतारकर और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गीतांजली रॉय की उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। इतनी कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी अवसर मिलने पर विश्व स्तर पर सफलता हासिल कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि गीतांजलि ने न केवल अपने परिवार और गांव बल्कि सतनामी समाज और छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम भी गौरवान्वित किया है। स्वागत समारोह के दौरान विक्रम रॉय प्रांताध्यक्ष समन्वयक संघ छग, लोचन बांधे अध्यक्ष सहायक शिक्षक फेडरेशन, धर्मेंद्र रात्रे जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार सतनामी समाज, कांशी घृतलहरे बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



### लोगों ने की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की कि जिले की इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी को प्रोत्साहन और बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वह आने वाले समय में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए और बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सके। सभी ने गीतांजलि के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी देश के लिए पदक जीतने का आशीर्वाद दिया।


## खबर संक्षेप



### आदर्श किसान महिला समूह ने चलाया स्वच्छता अभियान

**खरोरा** । खरोरा क्षेत्र के ग्राम तुलसी (अ) में रविवार को आदर्श किसान महिला समूह की दीदियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पंचायत भवन एवं सोसाइटी परिसर की साफ-सफाई की गई तथा कचरा संग्रहण कर परिसर को स्वच्छ बनाया गया। अभियान विशु वर्मा (अध्यक्ष) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान संजना कुर्रे, गायत्री वर्मा, छीता वर्मा, सरोज कुर्रे, राधा वर्मा, सविता चौहान, चंपा कुर्रे, ब्रिज वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, तीजबती वर्मा एवं बिरझा यादव सहित समूह की सभी सदस्याओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महिला समूह की इस पहल की ग्रामवासियों ने सराहना की। समूह की सदस्यों ने भविष्य में भी स्वच्छता एवं जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित करने का संकल्प लिया।

### व्यायाम शिक्षक योगेंद्र का ऑल इंडिया सिविल सर्विस कुश्ती में चयन



**खरोरा** । ऑल इंडिया श्री सिविल सर्विस कुश्ती अंतर्गत फ्री स्टाइल कुश्ती 70 किलोग्राम वर्ग में पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा के व्यायाम शिक्षक योगेंद्र कुमार त्रिपाठी का चयन हुआ है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 फरवरी से मंडी (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित होगी, जिसमें वे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। त्रिपाठी विगत कई वर्षों से विद्यालय के छोटे से अखाड़े में विद्यार्थियों को कुश्ती का प्रशिक्षण देकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक मंच दिला रहे हैं। उनका कहना है, "गुरु को शिष्यों को श्रेष्ठ प्रशिक्षण देने के लिए स्वयं को निरंतर तैयार और पारंगत करना पड़ता है। इसी सोच के साथ इस उम्र में भी मैंने खेलना नहीं छोड़ा।" इससे पूर्व वे 100 मीटर दौड़ एवं क्रिकेट में भी राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता कर चुके हैं। विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि योगेंद्र त्रिपाठी स्वयं उत्कृष्ट खिलाड़ी हैं, इसी कारण विद्यालय से प्रतिवर्ष राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि वे पदक जीतकर राज्य व विद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## गिरौदपुरी मेला : 6 सेक्टर में बंटी सुरक्षा, 968 पुलिसकर्मी तैनात

# 22 से 24 तक चलेगा मेला, कानून-व्यवस्था बनाए रखने किए गए व्यापक इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

इस वर्ष 22 से 24 फरवरी तक गिरौदपुरी मेला आयोजित किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में गिरौदपुरी मेला के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंध किया गया है, इस वर्ष गिरौदपुरी मेला में सुगम व्यवस्था के लिए मेला परिसर एवं समस्त आवश्यक स्थानों में बेरिकेडिंग की मजबूत व्यवस्था की गई है।

जिसके तहत संपूर्ण परिसर को 6 सेक्टर में विभाजित किया गया है। सेक्टर-01 में मुख्य मंदिर, मुख्य मंच, गुरु निवास, मेला चौकी एवं जैतखाम परिसर की महत्वपूर्ण व्यवस्था रखी गई है। गिरौदपुरी मेले का सबसे महत्वपूर्ण भाग यही है, जिसमें दर्शन करने के लिए लोगों की सबसे ज्यादा भीड़ इन्हीं स्थलों में आती है। इसी प्रकार सेक्टर-02 में गिरौदपुरी के आउटर पॉइंट जैसे जन्मस्थली, नवीन रेस्ट हाउस, अमरगुफा का सुरक्षा कार्य संपादित किया जाएगा। इसी प्रकार सेक्टर-03 में संपूर्ण छाता पहाड़, पंचकुंडी, जोंक नदी एनीकट की व्यवस्था को रखा गया है। जोन-04 में संपूर्ण मेला परिसर यातायात, मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था को रखा गया है। गिरौदपुरी मेला में यातायात एवं मार्ग व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण व्यवस्था में से एक है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं, आमजनों को किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न ना हो, इसके लिए मेला में 20 से अधिक पार्किंग पॉइंट चिन्हांकित किए गए हैं, जहां श्रद्धालुगण अपने वाहन पार्क कर सकते हैं। इसी प्रकार पार्किंग स्थलों की जानकारी देने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों में यातायात पुलिस बल की तैनाती भी की गई है, जिनके माध्यम से लोगों को पार्किंग स्थलों की जानकारी लगातार प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही यातायात की 05 पेट्रोलिंग वाहनों द्वारा लगातार मेला परिसर एवं आउटर में पेट्रोलिंग कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

### 20 से अधिक पार्किंग पॉइंट, 7 पुलिस सहायता केंद्र और मोबाइल एप से मिलेगी सुविधा



#### ब्रीफिंग में एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा गिरौदपुरी मेला सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने के संबंध में निर्देशित करते हुए ब्रीफिंग किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संपूर्ण गिरौदपुरी मेला के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए पूरी तत्परता एवं तन्मयता के साथ आप सभी अपनी-अपनी ड्यूटी करें।

#### आपराधिक तत्वों के लिए सुरक्षा का मजबूत जाल तैयार

मेरा परिसर व्यवस्था को सुचारू एवं सुगम बनाए रखने के लिए पैदल, बाईक पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है, जो की संपूर्ण मेला परिसर में लगातार पेट्रोलिंग करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, जिसे सेक्टर-5 में रखा गया है। जिसके तहत 4 की संख्या में बाइक पेट्रोलिंग एवं 5 पैदल पेट्रोलिंग टीम का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार अंतिम सेक्टर-6 में कानून व्यवस्था एवं अन्य प्रकार की व्यवस्था को रखा गया है, जिसमें एडी पार्टी, रिजर्व बल, बीडीएस चेकिंग आदि समाहित किया गया है। गिरौदपुरी मेला में भीड़ का फायदा उठाकर पॉकेटमारी, चैन स्नेचिंग एवं अन्य अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए सिविल कपडों में पुलिस की अलग-अलग टीमों को लगाया गया है। इसके अतिरिक्त मेला में किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे फायर ब्रिगेड, अग्निशामक यंत्र एवं गोताखोर की अलग-अलग टीमों को भी तैनात किया गया है। इस वर्ष गिरौदपुरी मेला में विभिन्न सुरक्षा प्रबंधन एवं सर्व सुविधाओं को उल्लेखित करते हुए गिरौदपुरी मोबाइल एप का भी निर्माण किया गया है, जिसे प्ले-स्टोर की मदद से डाउनलोड कर गिरौदपुरी मेला में उपलब्ध पार्किंग सुविधा, एंबुलेंस, भोजन, पानी, चिकित्सा आदि सभी सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# एक्स्ट्राऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल में लगा नेत्र जांच शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एक्स्ट्राऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को व्यापक नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना रहा।शिविर में श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल से आए नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। डॉक्टर आकाश मिश्रा नेत्र रोग विशेषज्ञ के सानिध्य में विद्यार्थियों की आँखों की गहन जांच की गई। सभी कक्षाओं के छात्रों का क्रमबद्ध रूप से परीक्षण किया गया। जांच के दौरान दृष्टि परीक्षण दूर एवं पास की नजर की स्पष्टता, कलर विजन टेस्ट रंग पहचान क्षमता तथा सामान्य नेत्र परामर्श प्रदान किया गया। विशेषज्ञों ने विशेष रूप से डिजिटल स्क्रीन के बढ़ते उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाव के उपाय भी बताए।

### डॉक्टर्स ने दी 20-20-20 नियम की जानकारी

शिविर के दौरान डॉक्टरों ने विद्यार्थियों को आँखों के व्यायाम तथा '20-20-20' नियम की जानकारी दी। साथ ही हरी सब्जियाँ एवं विटामिन-ए युक्त आहार लेने की सलाह भी दी गई। जिन विद्यार्थियों को चश्मे अथवा आगे के उपचार की आवश्यकता पाई गई, उनके अभिभावकों को विस्तृत रिपोर्ट के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय प्रबंधन द्वारा डॉक्टर आकाश मिश्रा एवं उनकी टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

### डिजिटल युग में आंखों की नियमित जांच आवश्यक

इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में बच्चों द्वारा मोबाइल, कंप्यूटर एवं अन्य स्क्रीन उपकरणों के अधिक उपयोग को देखते हुए आँखों की नियमित जाँच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विद्यालय के संस्थापक अभिषेक मिकी तिवारी ने कहा कि स्वस्थ दृष्टि ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। वहीं शाला संस्थापक टुकेशवर वर्मा ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के प्रति विद्यालय की संवेदनशीलता और "वर्ल्ड क्लास" विजन का प्रतीक बताया।

# कस्तूरबा गांधी, मौलाना आजाद व डॉ. खूबचंद बघेल को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा के तत्वाधान में आज कांग्रेस भवन में स्वर्गीय कस्तूरबा गांधी, स्वर्गीय मौलाना अबुल कलाम आजाद एवं स्वर्गीय डॉ.खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने महान विभूतियों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी एवं उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।श्रद्धांजलि सभा का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने किया।उन्होंने तीनों महान स्वतंत्रता सेनानियों का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया।

■ कांग्रेसजनों ने पुष्प अर्पित कर लिया उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प

### ये रहे उपस्थित

कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे सतीश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी, अजय ठाकुर, महिला कांग्नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष बिम्लेश्वरी ध्रुव वरिष्ठ नेता ईश्वर सिंह ठाकुर अय्युब बांठिया, गेंदराम साव, नितिन शुक्ला, राजेंद्र वर्मा , पुनीत मानिकपुरी, ओमप्रकाश यद्, सत्यजीत शेंडे, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद, शेष नारायण यद्, विमल शर्मा, उमाशंकर गुप्ता महेंद्र साहू, शैलेन्द्र अहिरवार हीरा नामदेव, पप्पू यद्, पूर्णिमा श्रीवास सीता साहू गिरिराज चावड़ा सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# फल एवं सब्जियों के मूल्य संवर्धन पर हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा द्वारा स्व- सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आय सृजन के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय फल एवं सब्जियों का मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण दिया गया। आवंला एवं टमाटर जैसे पोषण युक्त उत्पादों को सही उपयोग करके न केवल आय अर्जित की जा सकती है बल्कि स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त किया जा सकता है।

कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के उद्यानिकी विशेषज्ञ, डॉ. सविता राजपूत द्वारा आवंला,टमाटर के पोषण गुणों और उनसे तैयार होने वाले उत्पाद जैसे टमाटर, सॉस, कैचप, आंवला का मुरब्बा, कैंडी,मुखवास एवं आचार बनाने की विधि को मौखिक एवं प्रयोग रूप से विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

केंद्र की पौध रोग विशेषज्ञ,दीपमाला लकड़ा द्वारा आवंला एवं टमाटर के उत्पाद की प्रक्रिया का, गुणवत्ता नियंत्रण एवं उचित पैकेजिंग और ब्रांडिंग के महत्व को बताया। इस प्रशिक्षण में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने इसे अपनी आजीविका सुधारने एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# रैंप योजना के तहत हुआ फूड प्रोसेसिंग व माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

भारत सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग एवं माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस विषय पर तीन दिवसीय सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण का द्वितीय बैच 19, 20 एवं 21 फरवरी को कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सीएसआईडीसी द्वारा एनआईएमएसएमई के सहयोग से आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों को लघु वनोपज आधारित उत्पादों के प्रसंस्करण, गुणवत्ता संवर्धन एवं व्यवसायिक विस्तार हेतु व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करना था। प्रतिभागियों को आधुनिक उत्पादन तकनीक, वैल्यू एडिशन, आकर्षक पैकेजिंग, प्रभावी ब्रांडिंग, विपणन रणनीति एवं आवश्यक सर्टिफिकेशन प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। इच्छुक प्रतिभागियों का निःशुल्क उद्यम पंजीयन भी किया गया।



### तकनीकी एवं व्यावहारिक विषयों पर प्रशिक्षण

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने उद्यमियों को नए उत्पादों की तकनीक, आधुनिक प्रसंस्करण पद्धतियों, प्रभावी मार्केटिंग रणनीतियों एवं बाजार विस्तार के विषय में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही आनंद शर्मा द्वारा विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वरोजगार एवं वित्तीय सहायता से संबंधित योजनाओं, विशेष रूप से पीएमईजीपी के बारे में जानकारी प्रदान की गई, ताकि उद्यमी अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकें।

## अंतरराष्ट्रीय मित्रता, लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर हुआ विमर्श

# बालिकाओं ने दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा



पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा में विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने विश्व भर की लड़कियों और युवा महिलाओं को प्रभावित करने वाले समसामयिक मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। यह दिवस अंतरराष्ट्रीय मित्रता, लैंगिक समानता, सांस्कृतिक विविधता के सम्मान और महिला सशक्तिकरण को समर्पित है। इस दिन विश्व के विभिन्न देशों की बालिकाएँ एकजुट होकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लेती हैं।

विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज एवं स्काउट गाइड प्रभारी शाहिना परवीन ने अपने संबोधन में कहा कि "विश्व चिंतन दिवस हमें यह सिखाता है कि हम केवल अपने विद्यालय या समाज तक सीमित न रहें, बल्कि वैश्विक नागरिक बनकर सोचें। बालिकाएँ आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और यह दिवस उनके आत्मविश्वास को और सुदृढ़ करता है।" स्काउट-गाइड प्रभारी शाहिना परवीन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन, सहयोग और सेवा भावना का विकास करते हैं। पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल एक उत्सव था, बल्कि यह बालिकाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व और सामाजिक चेतना का सशक्त उदाहरण भी बना। विश्व चिंतन दिवस के माध्यम से छात्राओं ने यह संदेश दिया कि जब लड़कियाँ शिक्षित और सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त होगा।



